सार-समाचार

गीतांजली को अचीवमेंट अवार्ड

उदयपुर, (कासं)। अहमदाबाद में हेल्थकेयर ओनर्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान के लिए अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। जिसे डॉ राजीव पंड्या, प्रबंधक मानव संसाधन ने ग्रहण किया।कांफ्रेंस के अन्दर देशभर से लगभग 1हजार से भी अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया व इस कॉन्क्लेव 500 से अधिक कंपनियां इसका हिस्सा बनी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल रहे।कार्यक्रम में अहमदाबाद व देशभर से जुडे फर्मास्यूटिकल कंपनियां व स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अग्रसर कंपनियों के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया व पैनल पर चर्चाएँ की गयी। कार्यक्रम में पैनल पर चर्चा के दौरान इकिसवी सदी के विकसित भारत के परिपेक्ष्य में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र किस तरह अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है पर देशभर से आये विशेषज्ञों ने विस्तृत चर्चा कर अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही इस विषय पर भी चर्चा की गयी कि आने वाले समय में सरकार द्वारा प्रस्तावित योजनाएं किस तरह से भारतीय युवाओं के स्वास्थ्य अहम परिवर्तन ला सकती है और स्वास्थ्य सेवाएं किस तरह की चुनौतियों का सामना कर रही हैं।

नकदी व बाइक लूटी

उदयपुर, (कासं)। बैकरिया थाना क्षैत्र में बदमाश बाइक को रोक चालक को धमका कर नकदी, मोबाईल व बाइक लूट ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर पीडित भादुराम पुत्र चतराराम निवासी घाटा पाटीया बैकरिया ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 4 जुलाई रात में बाइक पर पिण्डवाड़ा से गांव लौट रहा था। जहां बीच रास्ते में मिले चार पांच बदमाशों ने बीच रास्ते खड़े होकर मुझे रोक कर एकांत में ले गए। जहां धमकाते हुए जेब से10 हजार रूपये नकदी,मोबाईल तथा बाइक लूट ले गए। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच थानाधिकारी धनपतसिंह कर रहे है।

चिकित्सक पर हमला

उदयपुर, (कासं)। शहर के हाथीपोल थानाक्षैत्र में स्कूटी सवार बदमाश चिकित्सक पर चाकू से हमला कर फरार हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित डॉ. सुरेन्द्रगुर्जर पुत्र किरोड़ीलाल गुर्जर निवासी नादौती गंगापुर हॉल चिकित्सक एमबी चिकित्सालय ने स्कूटी सवार दो बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया जिसमें पीडित ने बताया कि 3 जुलाई रात में मै। अपने साथी चिकित्सक अनुंप के साथ चेतक से वापस चिकित्सालय लौट रहा था।

डेयरी व खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में पुस्तकालय का उद्घाटन

उदयपुर, (कासं)। एमपीयूएटी के संघटक डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में नवनिर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप-निदेशक (शिक्षा) डॉ. आर.सी. अग्रवाल द्वारा एमपीयूएटी के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक एवं विवि के वरिष्ठ पदाधिकारियों और एमबीएम विवि के कुलपति डॉ. अजय कुमार शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में किया गया।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ लोकेश गुप्ता ने बताया की महाविद्यालय डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उच्चतम मापदंडों के अनुकूल विगत

■ **कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा की ज्ञान परिष्करण के लिए पुस्तकों से बड़ा कोई साधन नहीं है**

डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में नव-निर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन किया।

41 वर्षो से शिक्षण, प्रशिक्षण एवं परामर्श प्रदान कर रहा है। पुस्तकालय में तकरीबन 100 विद्यार्थीयों के बैठने की व्यवस्था है। इस पुस्तकालय में पूर्णतया वातानुकूलन के साथ वाई-फाई इन्टरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है ताकि विद्यार्थी अपने लैपटॉप, टेबलेट या मोबाइल इत्यादि पर ई-बुक्स, जर्नल, शोध-पत्र इत्यादि पढ सकें। पुस्तकालय के एक भाग में पुस्तक पढने के लिए आरामदायक टेबल कुर्सी की व्यवस्था है तो एक भाग में समाचार-पत्र, पत्रिकाओं के पढनें की सुविधा है। डिजिटल पुस्तकालय को बढावा देने के लिए एक भाग में ई-बुक्स, जर्नल, शोध-पत्र इत्यादि पढने के लिए हाई स्पीड इन्टरनेट की सुविधा के साथ आधुनिक कंप्यूटर भी उपलब्ध कराए गए हैं। इस पुस्तकालय में पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विश्व स्तरीय पुस्तको के साथ ई-बुक्स, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं सर्वांगीण विकास हेतू गणमान्य लेखको की अन्य उच्च स्तरीय लगभग 2 हजार० पुस्तकों की उपलब्धता कराई गई है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप-निदेशक (शिक्षा) डॉ. आर.सी. अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की एक सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन के लिए सभी को अनवरत ज्ञान-उन्नयन करते रहना चाहिए और इसके लिए पुस्तक सबसे उत्तम और सर्वश्रेष्ठ साधन है। उन्होंने अद्यतन गुणवत्ता आश्वासन प्रयोगशाला में विभिन्न आधुनिक उपकरणों का भी अवलोकन किया और विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर विभिन्न प्रक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने महाविद्यालय की विभिन्न इकाईयों का निरीक्षण भी किया और विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल का क्रियान्वयन देख कर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने रागी से पास्ता प्रसंस्करण, बिलौना विधि से घी प्रसंस्करण एवं मिलेट उत्पादों के प्रसंस्करण का विस्तृत समीक्षात्मक निरीक्षण किया और विद्यार्थियों के साथ प्रसंस्करण की तकनीकी बारीकियों के बारे में जाना। इस अवसर पर उन्होंने लैब मैन्युअल का विमोचन भी किया। साथ ही उन्होंने महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया।

सार-समाचार

फर्जी परीक्षार्थी के खिलाफ मामला दर्ज

उदयपुर, (निसं)। शहर के बडगांव एवं अम्बामाता थाना पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रीट परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सुमन जैन प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बड़ी पंचायत समिति बडगांव ने अध्यापक सुरेशचनद्र कटारा पुत्र रामजी कटारा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि कोटड़ा स्थित राजकीय उ. प्रा. वि.खुणा में हिन्दी विषयाध्यापक के पद पर आठ माह से सुरेश चन्द्र कटारा काम कर रहा था। गत दिनों विद्यालय के अन्य कर्मचारियों ने आरोपी के खिलाफ शिकायत की थी। इसके बाद से वह 24 जून से विद्यालय नहीं आ रहा था। इस पर पड़ताल की तो आरोपी द्वारा 26 फरवरी 2023 को रीट की परीक्षा हुई थी, इस दौरान परीक्षाकेन्द्र महात्मागांधी राजकीय वि. बडी में सुरेश के स्थान पर अन्य व्यक्ति ने परीक्षा दी थी। इस मामले का खुलासा होने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया हैं। जिसकी जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर परिहार कर रहे है। इसी तरह राजदेव शिक्षक प्रशिक्षण विालय राताता रामपुरा के व्यवस्थापक गिरीश भारती पुत्र मगनभारती ने दुर्गेश नामक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि बांसवाडत्रा निवासी दुर्गेश पुत्र मगन लाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 26 फरवरी 2022 को परीक्षा केन्द्र राजदेव शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय पर आयोजित रिट की परीक्षा में दुर्गेश के स्थान पर अन्य व्यक्ति ने परीक्षा दी थी। चयन होने के बाद दुर्गेश कीर खेड़ा राजकीय प्रा. वित्र चित्तोडगढ में पोस्टेड था। इसका पता चलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जिसकी जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर परिहार कर रहे है।

तीन हमलावर गिरफ्तार

उदयपुर, (निसं)।भाई व भाभी पर प्रणधातक हमला करने वाले तीन भाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 3 अप्रेल 2024 को पीडित बाबुलाल पुत्र मंशाराम निवासी कालीडुगरी बैकरिया ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि मैं व मेरी पत्नी घर पर थे। रात में मोतीराम, दशरथ ने घर में घुस कर मेरे व पत्नी पर कुल्हाडी से हमला कर फरार हो गए। घालय होने पर परिजनों ने हमें चिकित्सालय पहुंचाया।इधर इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह परिहार के सुपरविजन में बैकरिया थानाधिकारी धनपतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर गोमाराम पुत्र मंशाराम गरासिया, मोतीराम पुत्र मंशाराम तथा दशरथ पुत्र मंशाराम निवासी काली डुगरी बैकरिया को गिरफ्तार किया।

दुकान पर की पत्थरबाजी

उदयपुर, (कासं)।ओगणा थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ किराणा व्यापारी पर पत्थरबाजी करने का मामला दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मोतीसिंह पुत्र भूरसिंह सोलंकी निवासरी झांक गोगुन्दा ने झांक हदतलाई निवासी जगा पुत्र. हिरा, रामा पुत्र हकरा, थावरा पुत्र हिरा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बतायाकि 4 जुलाई सांय मैं अपनी किराणा दुकान पर था। इस दौरान आए आरोपियों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी तथा दुकान को डाईनामईट से उड़ाने की धमकी दी। इस पर दुकान बंद कर स्वयं को बचाया।

विद्यार्थियों ने सीखी स्केचिंग की बारीकियां

उदयपुर, (कासं)। जिला मुख्यालय के समीपस्थ वरड़ा और धार गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को स्कूल प्रशासन और कश्ती फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवारिय सभा का आयोजन किया गया। कश्ती फाउंडेशन प्रमुख श्रद्धा मुर्डिया ने बताया कि स्कूली विद्यार्थियों को शैक्षिक के साथ-साथ सह शैक्षिक गतिविधियों की और उन्मुख करने के उद्देश्य से आयोजित इस पहली शनिवारिय सभा का विद्यार्थियों ने जमकर लुत्फ उठाया और अतिथि कलाकारों के साथ अपने कला कौशल और अभिरुचि पर संवाद किया।बतौर अतिथि ख्यातनाम स्केच आर्टिस्ट व आर्किटेक्ट सुनील लड्ढा ने आज विद्यार्थियों को स्केचिंग की बारीकियों से रूबरू करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने भीतर छिपे कलाकार को बाहर निकालने और लगातार सृजनात्मक गतिविधियों में लगे रहने का आह्वान किया। जनसंपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा ने विद्यार्थियों को शिक्षार्जन के साथ-साथ सहशैक्षिक गतिविधियों पर भी फोकस करने तथा अपनी हॉबी को समय देने का आह्वान कर प्रोत्साहित किया।प्रभारी हेमंत जोशी ने शनिवार को इस सभा के नियमित आयोजन की मंशा उजागर की वहीं वरड़ा प्रधानाचार्य मनोहरलाल सुथार और धार प्रधानाचार्य सत्यनारायण सुथार ने अतिथियों को विद्यालयी गतिविधियों की जानकारी दी। शनिवारिय सभा दौरान स्केच आर्टिस्ट सुनील लड्ढा ने विद्यार्थियों को उनके द्वारा देश-विदेश में तैयार किए गए स्केच तथा स्केचिंग के गैजेट्स को दिखाया तो विद्यार्थियों ने रुचिपूर्वक देखा और सराहा।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

मंडल शस्त्रा विभाग, तृतीय तल, एलआईसी भवन
सब सिटी सेन्टर, रेती स्टैंड, उदयपुर, राजस्थान
फोन नं.: 0294-2688030, ई-मेल: cs8328@pnb.co.in

दिनांक: 06.07.2024

सेवामें,

श्री सुरेश चन्द्र लोहार पुत्र श्री राम लाल लौहार 6-बी, शिव नगर, दक्षिण सुन्दरवास, सोफिया स्कूल के पास, उदयपुर, राजस्थान मोबाईल नं. 9413811962	श्री सुरेश चन्द्र लोहार पुत्र श्री राम लाल लौहार न्यू लक्ष्मी डेयरी, शिव चौक, शिव मंदिर के पास उत्तरी सुन्दरवास, उदयपुर, राजस्थान मोबाईल नं. 9413811962

संदर्भ: चल घरेलू सामानों को स्थानांतरित करने/हटाने के संबंध में।

प्रिय महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में, जैसा कि आप जानते हैं कि एनपीए खाता मैसर्स कुशल फर्टिलाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड में बंधक आवासीय भूमि और भवन जो श्री सुरेश चंद्र लोहार पुत्र श्री राम लाल लोहार के नाम पर प्लॉट नंबर 5-बी, खसरा नंबर 254-262, राजस्व गांव सुंदरवास, जिला उदयपुर, राजस्थान के दक्षिण भाग में स्थित है, का भौतिक कब्जा बैंक द्वारा पूर्व में दिनांक 23.06.2023 को ले लिया गया हैं।

इसके अलावा बैंक ने दिनांक 27.05.2024 को उक्त संपत्ति की ई-नीलामी आयोजित की है जो सफल रही और अब बैंक को नीलामी क्रेता को संपत्ति का भौतिक कब्जा देना होगा। इसलिए हमने आपको दिनांक 18.06.2024 के पत्र के माध्यम से सलाह दी कि आप दिनांक 24.06.2024 को या उससे पहले उक्त परिसर में रखे इन्वेंट्री के अनुसार चल सामान को हटा दे एवं यह भी सूचित किया गया था कि ऐसा न करने पर बैंक सरफेसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार उसे आपकी लागत पर उपयुक्त वैकल्पिक किराए के स्थान पर स्थानांतरित कर देगा।

इसके अलावा जैसा कि आपने डाक द्वारा भेजे गए दिनांक 18.06.2024 के पत्र को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है और साथ ही हमारी सहायक टीम से हाथ से इसे प्राप्त करने से इनकार कर दिया है, इसलिए हम आपको यह सूचित करने के लिए यह नोटिस प्रकाशित कर रहे हैं कि अब हम चल सामान को किराए के स्थान पर स्थानांतरित कर रहे हैं क्योंकि हमें क्रेता को संपत्ति का भौतिक कब्जा सौंपना है और इस प्रक्रिया के दौरान यदि कोई नुकसान/क्षति होती है, तो यह पूरी तरह से आपके जोखिम और जिम्मेदारी पर होगा।

इस मामले को अत्यधिक महत्व दिया जाना चाहिए।

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक

शहीद मेजर मुस्तफा के परिजन शौर्य चक्र से सम्मानित

शहीद मेजर मुस्तफा की माता फातेमा बोहरा और पिता जकीउद्दिन बोहरा को शौर्य चक्र से सम्मानित किया।

उदयपुर, (कासं)। खेरोदा (उदयपुर) के लाल, अमर शहीद मेजर मुस्तफा बोहरा द्वारा अपना कर्तव्य पालन करते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिए जाने के उपरांत, शुक्रवार को भारत की सर्वोच्च सेनाध्यक्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने, नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में, एक भव्य गरिमामय समारोह में शहीद मेजर मुस्तफा की माता फातेमा बोहरा और पिता जकीउद्दिन बोहरा को शांतिकाल में अप्रतिम वीरता के लिए सर्वोच्च सम्मानए शौर्य चक्र से सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी उपस्थिति थे। शहीद मेजर मुस्तफा ट्रस्ट के उपसचिव वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि अमर शहीद मेजर मुस्तफा बोहरा के परिजन शौर्य चक्र सम्मान प्राप्त करने के बाद 7 मई को एयर इंडिया की उडान संख्या एआई .469 द्वारा नई दिल्ली से रवाना होकर दिन में 2.15 बजे डबोक एयरपोर्ट, उदयपुर पहुंचेंगे।जहां वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, समस्त प्रमुख राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, बोहरा समाज सहित अनेक सामाजिक,धार्मिक संस्थाओं द्वारा शहीद मेजर मुस्तफा के परिजनों का भव्य स्वागत किया जाएगा।

मांजी का मंदिर में गंदगी का ढेर

उदयपुर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा कार्यकाल संभालते ही प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को लेकर व्यापक स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है वहीं स्वच्छ भारत मिशन शहरी और ग्रामीण के संबंधित दोनों विभागों के उच्च अधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि इस अभियान में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण भारत सरकार एनएससी के गैर सरकारी सदस्य और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत राजस्थान सरकार द्वारा नियुक्त प्रदेश समन्वयक केके गुप्ता द्वारा शनिवार प्रातः श्री सरदार स्वरुप श्याम जी (मांजी का मंदिर) उदयपुर में भगवान के दर्शन लाभ प्राप्त कर मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया, तो यह पाया गया कि यहां पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं एवं राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग के तहत आने वाले इस मंदिर में उचित साफ-सफाई की व्यवस्था

के.के. गुप्ता

के प्रति विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं है।

गुप्ता ने बताया कि मंदिर प्रांगण में चारों तरफ कचरा, खाली बोतले, दीवारों पर पोस्टर, बगीचे में भारी कचरा, मंदिर जाने वाली गली में गन्दगी, जंगली पेड, दीवारों में वृक्ष आदि देखने मिले। मंदिर जाने वाली गली में पास की बिल्डिंग वालो ने छज्जे निकाल रखे है, ए.सी. का कम्प्रेशर, प्रांगण में चिमनी का आउट लेट निकाल रखा है। महिला एवं पुरुष के बने शौचालय की स्थिति दयनीय थी दरवाजे टूटे हुए थे अन्दर गन्दगी थी। मंदिर प्रांगण में दो बगीचे करीब दो बने हुए है दोनों में जंगली घास एवं कचरे का ढेर लगा हुआ है। पिछोला झील में बनी सीढियों में काई मंदिर प्रांगण में झील में बनी सीढियों पर काई जमी हुई है तथा मंदिर प्रांगण से गन्दगी झील में डाली जा रही है जिससे कभी भी दुर्घटना की सम्भावनाये है। पुरातत्व को समाप्त मंदिर के चारों तरफ झाली बाउण्ड्री वाल बनी हुई है जो जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है तथा जगह-जगह लोहे के एंगल लगा रखे है जो पुरातत्व को समाप्त कर रही है। दीवारों पर चारो तरफ तार लटक रहे है तथा जगह-जगह से दिवारों में क्रेक आ गए है। जो सीसी टीवी कैमरे लगे हुए है उनके तार टूट है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बेदलाखुर्द
पंचायत समिति-बड़गांव, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांकः-ग्रा.पं.बेखु/2024-25/ दिनांक-

-:खुली निविदा सूचनाः-

ग्राम पंचायत बेदलाखुर्द में साफ-सफाई हेतु निविदा दिनांक 09.07.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc. rajasthan. gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No - ZUD2425WSRCOOO61

सरपंच — ग्राम पंचायत बेदलाखुर्द, प.स.-बड़गांव जिला-उदयपुर

ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत बेदलाखुर्द, प.स.-बड़गांव जिला-उदयपुर

असम के राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर

उदयपुर , (कासं)। असम राज्य के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया 15 जुलाई तक के प्रवास हेतु शनिवार को अपने गृह नगर उदयपुर पहुंचे जहां एयरपोर्ट पर प्रशासन ने गार्ड ऑफ ऑनर देखकर उन्हें सम्मान दिया तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं विशिष्ट जनों ने उनका स्वागत अभिनंदन किया।

भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि डबोक एयरपोर्ट पर टर्मिनल से बाहर आते ही जिला प्रशासन ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद मन्नालाल रावत,शहर विधायक ताराचंद जैन,वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी,भारतीय जनता पार्टी देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, शहर जिला उपाध्यक्ष तख्तसिंह शक्तावत, अतुल चंडालिया, पूर्व जिला प्रमुख शांतिलाल मेघवाल,ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, भाजपा आपदा राहत एवं सहयोग विभाग प्रदेश संयोजक डॉ जिनेंद्र शास्त्री शहर जिला कोषाध्यक्ष रवि नाहर शहर जिला मंत्री दीपक बोलिया गजेंद्र भंडारी करण सिंह शक्तावतएअमृत मेनारिया बडगांव उप प्रधान प्रताप सिंह राठौड आदि बडी संख्या में शहर एवं देहात के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

विद्यापीठ में डॉ. डी. एस. कोठारी की जयंती मनाई

डॉ. डी.एस. कोठारी की जयंती पर किया नमन करते कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ।

उदयपुर , (कासं)। वैज्ञानिक एवं स्वप्न दृष्टा डॉ. डी.एस. कोठारी की 118वीं जयंती पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के सभागार में पुष्पांजली एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि देश में जो भी शिक्षा नीतियां बनी उसकी बुनियाद में डॉ. कोठारी का मूल तत्व निहित है , अगर उनकी बनाई नीति का क्रियान्वयन ससमय किया जाता तो आज देश कई ज्यादा ऊंचाइयों पर होता। वे असल में युग दृष्टा थे, जो योजना उन्होंने दी वर्तमान में उसे ही महत्व मिला। उन्होंने मातृभाषा व त्रिभाषा फॉर्मूला देकर सामाजिक दक्षता, एकता व समता का बीज मंत्र दिया, जिससे विद्यार्थी अन्तःकरण में छिपी क्षमताओं को बाहर विकसित कर सके। देश की शिक्षा और रक्षा के क्षेत्र में डॉ. डी. एस. कोठारी का योगदान विकसित भारत के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। उन्होंने कहा कि शान्ति , अहिंसा, सामाजिक समरसता और वैश्विक एकता के स्वप्न दृष्टा के सम्मुख जब राष्ट्र रक्षा की चुनौती आन पड़ी, तब तारा भौतिकी में अपने विशेष ज्ञान का प्रयोग कर डॉ. कोठारी ने ऐसे आयुध का आविष्कार किया, जिससे भारत-पाक युद्ध के दौरान भारत की सेना ने इसी आयुध से पाक सेना के पेटन टैंकों को नष्ट कर दिया।इस अवसर पर कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. भवानी पाल सिंह राठौड, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, निजी सचिव केके कुमावत, जितेन्द्र सिंह, डॉ. हेमंत साहू, लहरनाथ, डॉ. यज्ञ आमेटा, भगवती लाल श्रीमाली, विजयलक्ष्मी सोनी, विकास, डॉ. ललित, सहित कार्यकर्ताओं ने डॉ. कोठारी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

संपूर्णता अभियान कार्यक्रम शुरू

भीम, (निसं)। संपूर्णता अभियान कार्यक्रम आकांक्षी ब्लॉक भीम का शुभारंभ पंचायत समिति सभागार में प्रधान बीरमसिंह सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के दौरान नीति आयोग प्रतिनिधि रेणुका अठावाल एसीईओ अनिल सनाढ्य, उपखंड अधिकारी हंसमुख कुमार ,विकास अधिकारी विजय बहादुर पाल, बीसीएमओ प्रवीण सैनी, मुख्य योजना अधिकारी राजकुमार त्रिवेदी, सांख्यिकी अधिकारी माया मीणा ,दीपक शर्मा ,ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर भेरूलाल सावली, स्वयं सहायता समूह राजीविका प्रतिनिधियों , जनसहभागियों को उपखंड अधिकारी हंसमुख कुमार ने सरकारी विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने में सत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश दिए। नीति आयोग के रेणुका अग्रवाल ने बताया कि नीति आयोग के सहयोग से 30 सितंबर तक चलने वाले संपूर्णता अभियान के तहत स्वास्थ्य, पोषण ,कृषि एवं राजिविका से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा। राजकीय बालिका विद्यालय की छात्राओं एएनएम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्वयं सदस्यों की महिलाओं प्रगतिशील किसानों आदि जागरूकता रैली प्रधान बीरमसिंह चौहान विकास अधिकारी विजय बहादुर पाल एवं खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रवीण कुमार सैनी के सानिध्य में पंचायत समिति से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार डाक बंगला चौराहे होते पंचायत समिति सभागार पहुंची जहां कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राजस्थान सरकार-कालेज शिक्षा

कार्यालय प्राचार्य सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, भीम

Email:prin.gcbhim@ gmail.com फोन नं.-02951-251024

क्रमांक-एफ(1) स्था/रामभी/2024/199 दिनांक-7.7.2024

प्रेस विज्ञप्ति

आयुक्तालय कालेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक -एफ 1(02) विद्या सम्बल/ आकाशि /गे.फे./ दिशा निर्देश/ 21-00638/पार्ट 1 राजकाज रैफरेन्स नं 8029676 दिनांक 21.06.2024 की अनुपालना में राज्य सरकार द्वारा घोषित विद्या सम्बल योजना के अन्तर्गत राजस्थान लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी अथवा स्थानान्तरण अथवा कार्य व्यवस्था के तहत शिक्षक उपलब्ध होने तक या सत्र 2024-25 में गेस्ट फेकल्टी से पाठ्यक्रम पुर्ण कराये जाने हेतु 24 सप्ताह अथवा 28.02.2025 तक अथवा प्रथम या तृतीय सेमेस्टर का पाठ्यक्रम पुर्ण कराये जाने तक जो भी पहले हो (अधिकतम 24 साप्ताहिक घण्टे अनुसार) 800/-रूपये प्रति कालांश मानदेय के आधार पर गेस्ट फेकल्टी (पूर्णतया अस्थाई) के रूप में इस महाविद्यालय में लगाये जाने हेतु दिनांक-13 /7/2024 सांय 5 बजे तक निम्नलिखित पदों पर आवेदन पत्र आमंत्रित बिये जाते है। आवेदन पत्र महाविद्यालय के कार्यालय में जमा करवाए।

क्र.सं.	महाविद्यालय का नाम	विषय (प्रत्येक विषय में एक पद)
1.	सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, भीम	हिन्दी, इतिहास, अर्थशास्त्र और राजनिति विज्ञान

नोट-1-सभी पद आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा अनुशासित किये जाने पर प्रभावी होगी।

2- आवेदन पत्र महाविद्यालय की वैबसाइट https:\\hte.rajasthan.gov.in\college\gc bhim पर circular से डाउनलोड की जा सकती है।

3- आवेदन हेतु न्यूनतम योग्यता, दिशा निदैश, शर्त एव शपथ पत्र आदि आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर की वेबसाइट https:\\hte.rajasthan.gov.in\college पर उपलब्ध है उपर्युक्त सभी पदो पर की जाने वाली प्रकिया आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के आदेशों के अधीन रहेगी।

4- किसी भी विषय में न्यूनतम आवश्यक प्रवेशित विद्यार्थी नहीं होने पर उस विषय की भर्ती प्रक्रिया निरस्त समझी जावे।

प्रेम सिंह चौहान, प्राचार्य/नोडल अधिकारी
सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय
भीम (राजसमन्द)